उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ,गाजीपुर–233001

e-mail-ee3cdjngp.up@gmail.com, eeupjnrgzp@gmail.com

पत्रांक 1003 / निरीक्षण आख्या / 22 दिनांक– 09/04/2025

निरीक्षण आख्या

आज दिनांक 09.04.2025 को जनपद गाजीपुर में माननीय विधायक श्री जै किशन शाहू जी के द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत विधान सभा सदर गाजीपुर की ग्राम पंचायत "खानकाह कलां" में निर्मित पेयजल योजना के कार्यो का निरीक्षण किया गया। जिसमें अधोहस्ताक्षरी के साथ सहायक अभियन्ता, जू0इं0, टी0पी0आई0, डी0पी0एम0यू0 एवं प्रोजेक्ट मैनेजर वी0एस0ए0 उपस्थित रहें। निरीक्षण के दौरान योजनान्तर्गत नलकूप, पम्प हाउस, राइजिंग मेन, शिरोपरि जलाशय, पाइप लाइन, हाउस कनेक्शन, सोलर सिस्टम एवं बाउण्ड्रीवाल–गेट के समस्त कार्य पूर्ण पाये गये। योजनान्तर्गत 390 नग हाउस कनेक्शन में सोलर सिस्टम के माध्यम से आटोमेटेड मेथड के द्वारा नियमित पेयजल आपूर्ति ग्रामवासियों को उपलब्ध करायी जा रही है। ग्राम प्रधान श्री हवलदार सिंह यादव जी द्वारा भी अवगत कराया गया कि खानकाह कलां पेयजल योजना मे नियमित जलापूर्ति की जाती है। मा0 विधायक जी द्वारा ग्रामवासियों को शुद्ध पेयजल के लाभ के बारे में जानकारी दी गयी एवं प्रेरित किया कि दैनिक जीवन में शुद्ध पेयजल का ही उपयोग करें, जिससे आप सभी के हेल्थ इंडेक्स में सुधार होगा। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत की एफ0टी0के0 महिलाओं के द्वारा पेयजल गुणवत्ता की जांच की गयी, जिसमें पेयजल की गुणवत्ता पीने योग्य पायी गयी साथ ही माननीय विधायक श्री जै किशन शाहू जी के द्वारा यह निर्देशित किया गया कि विधान सभा क्षेत्र सदर के अन्तर्गत प्रस्तावित पेयजल योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करते हुए जनोपयोगी बनाया जाय एवं पूर्ण पेयजल योजनाओं द्वारा सुबह–शाम क्लोरिन युक्त नियमित जलापूर्ति किया जाय।

(मो0 कासिम हाशमी)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0– / / दिनांकः

प्रतिलिपि– माननीय विधायक श्री जै किशन शाहू जी, विधान सभा क्षेत्र–सदर को सादर सूचनार्थ।

अधिशासी अभियन्ता

Letter/EE/2025/235